## SPORTS BOARD
## PANDIT DEENDAYAL UPADHAYAYA SEKHAWATI UNIVERSITY ,SIKAR

Phone :01572-273200(0) Fax : 01572-273100 website:www.sekhauni.ac.in

### SPORTS CALENDAR FOR INTER-COLLEGE/INTER-UNIVERSITY TOURNAMENTS:2019-20

| | INTER-COLLEGE TOURNAMENTS | | | INTER-UNIVERSITY TOURNAMENTS | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S.No | Game/Sports | Date | Tournament Venue | WZ Inter-university Venue | Date | All India/Inter Zonal Venue | Date |
| 1 | Swimming (M&W) | 9 Sep 19 | Swami Keshwanand PG College Badhadar,Sikar, 9636934400 | | | LP University Jalandhar ,Punjab | 28-31 Oct 19(M) 02-4Nov 19(W) |
| 2. | Athletics (M&W) | 10-13 Oct19 | Seth Motilal PG College,Jhunjhunu Jhunjhunu,9460844337 | | | Rajiv Gandhi of HS(Karnataka) | 24-28 Nov 19 |
| 3. | Badminton (M&W) | 15-17 Sep 19 | Seth Motilal PG College, Jhunjhunu Jhunjhunu, 9460844337 | SRTM University, Nanded(M) | | SRTM University, Nanded(M) | 23-26 Nov 19(M) |
| | | | | Kota Uni.Kota,Raj (W) | | RTM Uni.Nagpur (W) | 13-16 Dec 19(W) |
| 4. | Basketball (M) | 05-07 Oct 19 | Swami Keshwanand PG College Badhadar,Sikar, 9636934400 | SRTM University, Nanded | | SRTM University, Nanded | 28-31 Nov 19 |
| 5. | Basketball (W) | | | ITM UNi Gawalior ,MP | | DCR U,Murthal (HR) | 25-29 Dec 19 |
| 6. | Boxing (M&W) | 11-12 Dec 19 | SVM College,Surajgarh,Jhunjhunu 9812779900,9929613510 | | | CCSU Meerut (UP) | 26-30 Jan 20 (W) 21-28 Feb 20 (M) |
| 7. | Cricket (M) | 10-14Dec 19 | Seth Motilal PG College Jhunjhunu,9460844337 | ITM UNi Gawalior ,MP | | ANU Guntur | 3-13 Feb20 |
| 8. | Cricket (W) | | | Barakatullakha Uni.Bhopal | | Manipal Uni Jaipur | 16-18 Feb 20 |
| 9. | Cross country (M) | 07 Sep 19 | Gaumti Devi PG College Baragaon, Jhunjhunu 9928858877,9829576796 | | | Mangalore University, Mangalore | 06 Oct 19 |
| 10. | Cross country W) | | | | | Andhara University,Andhra | 10 Oct 19 |
| 11. | Football (M) | 25-26 Oct 19 | Seth Motilal PG College Jhunjhunu,9460844337 | Barakatullakha Uni.Bhopal | | Sant Baba Bhag Singh Uni (PB) | 24-31 Dec 19 |
| 12. | Handball (M) | 02-3 Feb 20 | SVM College, Surajgarh, Jhunjhunu 9812779900,9929613510 | LNIPE Gawalior | | MG Kasi Varanasi | 1-5 Mar 20 |
| 13. | Handball (W) | 09-10 Nov 19 | Gramin Mahila PG College Shivsinghpura, Sikar 9414230492 | LNIPE Gawalior | | Periyay Salem | 20-25 Jan20 |
| 14. | Judo (M&W) | 15 Nov 19 | Raj.Gramin PG College,Thoi, Sikar 9929531651 | | | CSJM,Kanpur | 10-12Dec19(W) 27-29 Dec19(M) |
| 15. | Kabaddi (M) | 04-06 Nov 19 | Baba Khewadas PG College Sangalia, Sikar 9983152108,9414454195 | University of Kota | | Mangalore University, Mangalore | 19-22 Dec 19 |
| 16. | Kabaddi (W) | 01-02 Oct 19 | Gyankunj College,Surajgarh 9587845555, 9672333350 | SGM U Amaravati (MR) | | MG KASHI | 21-24 Dec 19 |
| 17. | Kho-Kho (M) | 22-23 Oct19 | Ajeetgarh PG College,Divarala Raod Ajeetgargh 9829978784, 8209138832 | SRTM University, Nanded | | Mangalore University, Mangalore | 24-26Dec19 |
| 18. | Kho-Kho (W) | 17-18 Sep19 | Gramin Mahila PG College Shivsinghpura,Sikar, 9414230492 | Dr.PDK Veedyapeeth,Akola (MR) | | DDU Gorakhpur,UP | 10-13 Dec19 |
| 19. | Table Tennis (M) | 20-22 Nov 19 | SB Todi PG College,Laxamangarh, Sikar, 7737771794 | Sri Vaishnav Vidyapeeth,Indor(MP) | | | Feb 20 |
| 20. | Table Tennis (W) | 16-17 Nov19 | Gramin Mahila PG College Shivsinghpura,Sikar, 9414230492 | MGRP,Jaipur | | Chitkara Uni.Himachal | Jan 20 |
| 21. | Volleyball (M) | 18-20 Nov 19 | Gaumti Devi PG College,Baragaon,Jhunjhunu, 9928858877,9829576796 | RTM Nagpur(MS) | | KIIT,Bhubaneshwar | 15-19Jan20 |
| 22. | Volleyball (W) | 13-14 Nov 19 | Shekhawati Gramin College,Bay, Sikar 9413878853 / 9414331341 | Gobinda Guru Tribal Uni | | Kurukshetra University,Kurukshetra, | 20-23Dec19 |
| 23 | Wrestling F/S (M&W) Greco- Roman (M) | 25-26 Sep19 | Raj.Gramin PG College,Thoi, Sikar 9929531651 | | | GJU,Hisar,Haryana(M) Ch.Bansilal Uni.Bhiwani(W) | 14-18 Nov19 |
| | **SELECTION TRIAL GEAMES** | | | | | | |
| 1. | Football (w) | 27 Oct 19 | Seth Motilal PG College,Jjn, ,9460844337 | Rani Durgawati (MS0 | | Utkal Uni Bhubaneshwar (Orisa) | 14-19Jan20 |
| 2. | Hockey (M) | 11-12 Sep19 | Mahatma Gandhi College Srimadhopur,Sikar 7568178343 | LNIP Gawalior | | LNIP Gawalior | 1-2 Nov 19 (M) |
| 3. | Hockey (W) | | | Rajasthan University , Jaipur | | TNPE Uni Chennai | 25-28 Dec 19(W) |
| 4. | Karate ((M&W) | 20-22 Jan20 | Shri Jeevan College Sikar | | | Sathyabhama Uni.Chennai | 20-25 Feb 20 |
| 5. | Soft ball (M) | 5-6 Jan 20 | SVM College, Surajgarh, JJN 9812779900 | | | | |
| 6. | Shooting (M) | 31 Oct 19 | SP PG College, Losal, Sikar 9414038048 | | | Manav Rachna University, Faridabad | 05-08 Nov 19 |

विश्वविद्यालय खेल बोर्ड
पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर (राज.)
(श्री कल्याण राजकीय महाविद्यालय के पीछे, सीकर–332001)
टेलीफेक्स 01572–273100 मो. 9414230492
वेबसाईट: www.shekhauni.ac.in ई–मेल reg.shekhauni@gmail.com

इन्दु गोदारा
सचिव
विश्वविद्यालय खेल बोर्ड

---

नोटः– 1. विश्वविद्यालय खेल बोर्ड के पास अपना कोई खेल मैदान व अन्य सुविधाएं नही हैं, अतः जिन खेलों का आयोजन कोई भी महाविद्यालय नहीं करवाता है उन खेलों में अन्तर–महाविद्यालय खेल प्रतियोगिताएं करवाना व अन्तर–विश्वविद्यालय खेल प्रतियोगिताओं में टीमों का भेजा जाना सम्भव नहीं होगा। जिन प्रतियोगिताओं में चार से कम टीम/प्रतिभागी होंगे उन खेलों/प्रतियोगिताओं में केवल विश्वविद्यालय टीम हेतू सलेक्शन ट्रायल होगी, प्रतियोगिता नहीं होगी। चयन प्रकिया हेतु टीम/व्यक्तिगत खेलों में प्रत्येक स्थान के लिए 03 पृथक महाविद्यालयों के खिलाड़ियों का होना आवश्यक है। व्यक्तिगत स्पर्द्धाओं मे विश्वविद्यालय द्वारा जारी किये गये योग्यता मानदंडो को आधार मानते हुए खिलाड़ियों को अन्तर–विश्वविद्यालय खेल प्रतियोगिताओं मे भेजा जायेगा।

2. सभी प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतू प्रविष्टियॉ आयोजक महाविद्यालय एवं एक प्रति सचिव, खेल बोर्ड, शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर को भेजने की अन्तिम तिथि 04 सितम्बर 2019 है।

3. विश्वविद्यालय टीम के खिलाड़ियों को चयन से पूर्व कूपर टेस्ट में 12 मिनट की शारीरिक दक्षता परीक्षण उत्तीर्ण करना आवश्यक है। इस परीक्षण में 12 मिनट में पुरुषों के लिए 2.4 कि.मी. (2400 मी.) व महिलाओं के लिए 2 कि. मी. (2000 मी.) दौड़कर/चलकर दूरी तय करना अनिवार्य है।

4. प्रत्येक टीम के एलीजिबिलिटी प्रारुप के साथ प्रत्येक खिलाड़ी की 10वीं, 10+2, स्नातक/स्नातकोत्तर की अंकतालिका, परिचय–पत्र की संस्था प्रधान से सत्यापित प्रतिलिपी व आधार कार्ड की प्रति आयोजक महाविद्यालय को जमा कराना अनिवार्य है तथा प्रतियोगिता के दौरान छात्रों को सरकार द्वारा प्रदत फोटोयुक्त पहचान पत्र आधार कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस, पासपोर्ट में कोई एक लाना अनिवार्य है।

5. एलीजिबिलिटी प्रारुप में छात्र के माता व पिता का नाम तथा मोबाईल नम्बर सहित सभी प्रविष्टियों को स्पष्ट लिखना अनिवार्य है। एलीजिबिलिटी प्रारुप विश्वविद्यालय की वेबसाइट (www.shekhauniv.ac.in) से डाउनलोड करें।

6. आयोजक महाविद्यालय द्वारा प्रतियोगिता की सूचना/निमन्त्रण की प्रतिक्षा किये बिना प्रतियोगिता से एक दिन पूर्व टीम के मैनेजर/प्रशिक्षक के साथ आयोजन स्थल पर उपस्थिति अनिवार्य है।

7. प्रत्येक प्रतियोगिता के आयोजन की तिथि से एक दिन पूर्व सांय 5.00 बजे मैनेजरों/प्रशिक्षकों की उपस्थिति में प्रतियोगिता का ड्रा निकाला जायेगा। बिना टीम मैनेजर/प्रशिक्षक के टीम को प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लेने दिया जायेगा।

8. प्रतियोगिता में किसी भी तरह के विवाद या अन्य किसी शिकायत प्रोटेस्ट के लिये 1000/– रु. प्रोटेस्ट फीस मैच समाप्ति से 2 घण्टे के अन्दर आयोजक माहाविद्यालय को जमा करवा कर लिखित में सूचित करना होगा। प्रोटेस्ट का निस्तारण प्रतियोगिता स्थल पर ही आयोजक महाविद्यालय में गठित प्रोटेस्ट/टेक्नीकल कमेटी द्वारा किया जायेगा।

9. सभी प्रतियोगिताएँ सम्बन्धित खेल संघ एवं AIU द्वारा निर्धारित नियमानुसार आयोजित करवाई जायेगी। खिलाड़ी द्वारा मानक पूरे करने पर चयन समिति की अनुशंसा पश्चात ही खिलाड़ियों का चयन विश्वविद्यालय टीम में किया जायेगा।

10. किकेट पुरुष प्रतियोगिता का ड्रा आयोजक महाविद्यालय को 30 नवम्बर 2019 तक प्राप्त प्रविष्टियों के आधार पर 05 दिसम्बर 2019 को डाला जायेगा।

11. निर्णयन शुल्कः– टीम खेल रु. 400/–, किकेट रु. 500/– प्रति मैच, व्यक्तिगत खेल रु. 600/– व एथलेटिक्स रु. 700/– प्रति वर्ग प्रति टीम होंगे।

आवश्यक सूचनाः–

1. जिस महाविद्यालय ने विश्वविद्यालय खेल बोर्ड की वार्षिक प्रवेश शुल्क राशि रु. 6000/– प्रति वर्ग जमा नहीं कराये है, उन्हे निर्देशित किया जाता है कि प्रवेश शुल्क (Entry Fee) रजिस्ट्रार, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर के नाम डी.डी. या विश्वविद्यालय खाते में आर. टी. जी. एस./एन. इ. एफ. टी. द्वारा अतिशीघ्र जमा करावें अन्यथा उस महाविद्यालय के खिलाड़ी किसी भी प्रतियोगिता/चयन प्रकिया में हिस्सा लेने योग्य नही होंगे। स्पोर्टस कलैण्डर एवं स्पोर्टस से सम्बंधित सभी सूचनाएं विश्वविद्यालय की वेबसाइट (www.shekhauniv.ac.in) पर देखें एवं अपने महाविद्यालय की ई–मेल को समय–समय पर देखते रहें। सूचना डाक द्वारा प्रेषित नहीं की जायेगी।

2. आयोजक महाविद्यालय प्राप्त अग्रिम भुगतान तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर की टीमों के कोच/ मैनेजर जो अग्रिम भुगतान प्राप्त करते है उस भुगतान का समायोजन संबंधित प्रतियोगिता के समापन के 15 दिवस के अन्दर आवश्यक रूप से कर दें, अन्यथा 18 प्रतिशत विलम्ब शुल्क के साथ सम्बंधित आयोजक महाविद्यालय/विश्वविद्यालय टीम कॉच/मैनेजर को देना होगा।

इन्दु गोदारा
सचिव
विश्वविद्यालय खेल बोर्ड

विश्वविद्यालय खेल बोर्ड
पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर (राज.)
(श्री कल्याण राजकीय महाविद्यालय के पीछे, सीकर–332001)
टेलीफेक्स 01572–273100 मो. 9414230492
वेबसाईट: www.shekhauni.ac.in ई–मेल reg.shekhauni@gmail.com
इन्दु गोदारा
सचिव
विश्वविद्यालय खेल बोर्ड

---

## अन्तर महाविद्यालय/अन्तर विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में सहभागिता हेतु नियम

### (अ) योग्यता नियम

1. पूर्णकालिक नियमित छात्र/छात्रा जिन्होंने स्कूल स्तर की 10+2 परीक्षा के पश्चात् विश्वविद्यालय के स्नातक/स्नातकोत्तर पाठयक्रम में प्रवेश लिया हो, वही विश्वविद्यालय खेल बोर्ड द्वारा अधिस्वीकृत अन्तर महाविद्यालय/अन्तर विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में भाग ले सकता है।
   - 1.1. खुले विश्वविद्यालयों या दुरस्थ शिक्षा के नियमित/प्रमाणिक छात्र/छात्रा अखिल भारतीय विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में भाग नहीं ले सकता है।
   - 1.2. शोध्र (पी.एच.डी.), एम. फिल. के नियमित छात्र अन्य योग्यता होने पर प्रतियोगित में भाग लेने योग्य होगें।
   - 1.3. विदेशी छात्र/छात्रायें अन्तर महाविद्यालय/अन्तर विश्वविद्याल प्रतियोगिताओं में भाग लने के लिए पात्र होगें, लेकिन किसी भी स्थिति में उनकी संख्या टीम में 10 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिये।
2. अन्तर महाविद्यालय/विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु प्रत्येक पूर्णकालिक नियमित/प्रमाणिक छात्र/छात्रा को निम्नलिखित नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करना होगा।
   - 2.1. विश्वविद्यालय में स्नातक/स्नातकोत्तर/डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश पात्रता के योग्य हुए छात्र/छात्रा को 10 वर्ष से अधिक समय व्यतीत नहीं हुआ हो। 10 वर्ष के काल को निम्न प्रकार से वर्गीकृत किया गया है :–
   - (अ) 10+2 परीक्षा के पश्चात स्नातक पाठ्यक्रम में अध्ययनरत छात्र/छात्रायें 05 वर्ष से अधिक भाग नहीं ले सकते हैं। इस अवधि में छात्र/छात्रा अपने संकाय में परिवर्तन कर सकता है तथा उच्च कक्षा से निचली कक्षा में जाने की अनुमति होगी।
   - (ब) स्नातक पाठ्यक्रम के पश्चात स्नातकोत्तर में 03 वर्ष से अधिक भाग नहीं ले सकता। इस अवधि में छात्र/छात्राओं को अपने पाठ्यक्रम में परिवर्तन अथवा उच्च कक्षा से निचली कक्षा में जाने की अनुमति होगी।
   - 2.2. वही छात्र/छात्रा प्रतियोगिता में भाग ले सकता है जो सम्बन्धित शैक्षिक सत्र की प्रथम जुलाई को 17 वर्ष से कम व 25 वर्ष से अधिक आयू का ना हो।
3. एक शैक्षिक सत्र् के दौरान प्रतिभागी छात्र/छात्रा एक ही विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व कर सकता है।
4. अस्थायी/अंशकालीन/पूरक परीक्षा के योग्य छात्र/छात्रा के रूप में प्रवेशित खिलाड़ी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के योग्य नहीं है।
5. एक विश्वविद्यालय से दूसरे विश्वविद्यालय/राज्य परिवर्तन की स्थिति में स्थानान्स्तण होने पर प्रतिभागी खिलाड़ी को विश्वविद्यालय प्रतिनिधित्व के योग्य तभी माना जायेगा जब माइग्रेशन सर्टिफिकेट प्राप्त करने वाला विश्वविद्यालय प्रवेश की अन्तिम/वैध/पूर्णरूप से पुष्टि कर देगा।
6. यदि 10+2 के बाद स्नातक या स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में एक कक्षा में अन्तराल दो वर्ष से अधिक का है, वह खिलाड़ी अन्तर महाविद्यालय/अन्तर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकेगा।
7. 10+2/स्नातक/स्नातकोत्तर उत्तीर्ण करने पर अगली कक्षा में वह दो वर्ष तक ही खेल सकेगा और उस कक्षा में पास होने के पश्चात ही वह तीसरे वर्ष अगली कक्षा में खेल सकेगा। 10+2 उत्तीर्ण करने के वर्ष से ही उसके अवसर/वर्षो की गणना प्रारम्भ हो जायेगी।
8. छात्र का पिछले किसी भी महाविद्यालय/विश्वविद्यालय से खेले हुये अवसरों को भी आवश्यक रूप से वर्तमान खेलने के अवसरों के साथ गिना जायेगा। जिससे कि गलत दावा प्रस्तुत नहीं किया जावें। शैक्षणिक योग्यता भी तभी से स्वीकार होगी जब खिलाड़ी ने पूर्व में अन्तर महाविद्यालय/विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में खेलना प्रारम्भ किया था।
9. 10वीं, 10+2, स्नातक व स्नातकोत्तर की अंकतालिका की फोटो प्रतियॉ संस्था प्रधान से सत्यापित एवं प्रवेश शुल्क रसीद की मूल प्रति लाना भी आवश्यक है।
10. जो छात्र पण्डित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर से संबंन्धित है, वे पण्डित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर की अन्तर महाविद्यालय प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं।

इन्दु गोदारा
सचिव
विश्वविद्यालय खेल बोर्ड

विश्वविद्यालय खेल बोर्ड
पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर (राज.)
(श्री कल्याण राजकीय महाविद्यालय के पीछे, सीकर–332001)
टेलीफेक्स 01572–273100 मो. 9414230492
वेबसाईट: www.shekhauni.ac.in ई–मेल reg.shekhauni@gmail.com

इन्दु गोदारा
सचिव
विश्वविद्यालय खेल बोर्ड

---

(ब) व्याख्या :–

1. नियमित छात्र/छात्रा एक पाठ्यक्रम समाप्त होने के पश्चात उसी या नये पाठ्यक्रम में शमिल होता है तो सभी अवसर अन्तर महाविद्यालय/अन्तर विश्वविद्यालय के नियम के अनुसार होगे।
2. पूरक परीक्षा उत्तीर्ण होने के पश्चात ही छात्र/छात्रा को अन्तर महाविद्यालय/अन्तर विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के योग्य होगें तथा अस्थाई प्रवेशित छात्र/छात्रा भाग लेने के योग्य नहीं होगें।
3. एक वर्ष का अर्थ यहाँ एक शैक्षणिक सत्र होगा जिसकी अवधि के दौरान छात्र/छात्रा उत्तीर्ण या अनुत्तीर्ण रहे सामान्यतः यह अवधि एक जुलाई से 12 महीने तक तथा आगामी सत्र के सामान्य आरम्भ तक मान्य होगी।
4. योग्य तथा पात्र छात्र/छात्रा प्रतिनिधि अन्तर विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में एक कक्षा में अधिकतम दो वर्ष अपने महाविद्यालय/विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व कर सकता है। एक ही सत्र में एक कक्षा में यह रोक लागू होने पर भी पाठ्यक्रम/डिप्लोमा की पूर्णावधि से एक वर्ष अधिक खेल सकने का निषेध यहाँ भी लागू होगा। पूर्णावधि से एक वर्ष अधिक प्रतियोगिता में पाठ्यक्रम/कार्यक्रम की प्रतिभागी छात्र/छात्रा के प्रतिनिधित्व पर रोक/निषेध का तात्पर्य होगा कि स्नातक पाठ्यक्रम छात्र 5 वर्ष तक ही रहेगा।
5. संकाय परिवर्तन सम्भव है परन्तु अध्ययन की पूर्णावधि के प्रथम दो वर्ष, प्रथम प्रवेश वाले संकाय में ही होंगें।
6. शेष अवधि (एक या दो वर्ष) ही स्थानान्तरित संकाय में तभी पूर्ण की जा सकती है जब नये संकाय का प्रथम वर्ष उत्तीर्ण कर लिया हो।

योग्यता/पात्रता नियमों के उल्लघन पर अयोग्यता

1. किसी भी प्रतिभागी के पात्रता नियमों का उल्लंघन पूर्ण टीम की स्वतः अयोग्यता के लिए जिम्मेदार होगा और उस महाविद्यालय को रूपये 5000/– से दण्डित किया जायेगा तथा इसकी रिपोर्ट निदेशक, कॉलेज शिक्षा तथा सम्बन्धित महाविद्यालय के प्राचार्य को भेजी जायेगी।
2. प्रतिनिधित्व अयोग्य छात्र/छात्रा को अन्तर महाविद्यालय खेलों से वंचित होने पर आगामी वर्ष में भी प्रतिभागी छात्र/छात्रा को प्रतिनिधित्व से वंचित किया जा सकता है।
3. अखिल भारतीय विश्वविद्यालय टीम में चयन होने के पश्चात् प्रतिभागी छात्र/छात्रा यदि किसी अन्य संस्थान का प्रतिनिधित्व भारतीय विश्वविद्यालय संघ की अनुमति के बिना करता पाया जाने पर किसी भी अन्तर महाविद्यालय/अन्तर विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में भाग लेने से वंचित कर दिया जायेगा एवं उसके विरूद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।
4. जो छात्र/छात्रा पूर्णकालिक आधार पर नौकरी कर रहे हैं, वे प्रतियोगिता के लिये योग्य नहीं होंगें।
5. यदि किसी छात्र/छात्रा द्वारा प्रतियोगिता के दौरान नियमों का उल्लंघन करने, अवांछनीय व्यवहार, लड़ाई झगड़ा करते पाये जाने पर अखिल भारतीय विश्वविद्यालय नियमानुसार महाविद्यालय/विश्वविद्यालय द्वारा उन खिलाड़ियों का प्रवेश निरस्त कर नियमानुसार जॉच कराई जायेगी।

इन्दु गोदारा
सचिव
विश्वविद्यालय खेल बोर्ड

प्रतिलिपि – सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित

1. कुलपति सचिवालय, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर।
2. कुलसचिव, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर।
3. सम्बन्धित महाविद्यालय।

इन्दु गोदारा
सचिव
विश्वविद्यालय खेल बोर्ड